भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **4185**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**उर्वरकों की दरें**

**4185. श्री तनुज पुनिया:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की स्थिति के अनुसार यूरिया, डीएपी, फॉस्फेट, पोटाश और अन्य उर्वरकों के प्रति क्विंटल मूल्य का उर्वरक-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2013 और 2024 की स्थिति के अनुसार यूरिया, डीएपी, फॉस्फेट, पोटाश और अन्य उर्वरकों की प्रति क्विंटल दर का उर्वरक-वार तुलनात्मक ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रति क्विंटल यूरिया, डीएपी, पोटाश, फॉस्फेट और अन्य उर्वरकों के मूल्यों में हुई वृद्धि का वर्ष-वार और उर्वरक-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उपरोक्त उर्वरकों के पैकेटों के वजन में कमी किये जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क):** यूरिया की 45 किलोग्राम बोरी की एमआरपी 242 रुपये प्रति बोरी (नीम लेपन के प्रभार और लागू करों को छोड़कर) अर्थात 538 रुपये प्रति क्विंटल है।

वर्तमान में, डीएपी (18-46-0-0) और एमओपी (0-0-60-0) की औसत एमआरपी क्रमशः 2700.00 रुपये प्रति क्विंटल और 3224.95 रुपये प्रति क्विंटल है।

**(ख):** वर्ष 2013 और 2024 में उर्वरक-वार दरों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

**I. यूरिया**

| **यूरिया की एमआरपी (केंद्रीय/राज्य लेवी/जीएसटी और नीम लेपन के प्रभार को छोड़कर)** | | |
|---|---|---|
| **वर्ष** | **रु. प्रति बोरी** | **रु.प्रति क्विंटल** |
| 2013-14 | 268 (प्रति 50 किलो बोरी) | 536 |
| 2023-24 | 242 (प्रति 45 किलो बोरी) | 538 |

**II. प्रमुख पीएंडके उर्वरक**

| क्र. सं. | एनपीके उर्वरक ग्रेड | औसत एमआरपी (लगभग) (रुपये प्रति क्विंटल में) | |
|---|---|---|---|
| | | **2013-14** | **2023-24** |
| 1 | डीएपी (18-46-0-0) | 2273.14 | 2700.00 |
| 2 | एमओपी(0-0-60-0) | 1626.26 | 3398.70 |

**(ग):** पिछले पांच वर्षों के दौरान उर्वरक-वार दरों का ब्यौरा निम्नानुसार है: -

**I. यूरिया**

दिनांक 1.3.2018 से आज की तारिख तक यूरिया की एमआरपी (केंद्रीय/राज्य लेवी/जीएसटी और नीम लेपन के प्रभार को छोड़कर) 242 रुपये प्रति 45 किलोग्राम बोरी है।

**II. प्रमुख पीएंडके उर्वरक**

| क्र. सं. | एनपीके उर्वरक ग्रेड | औसत एमआरपी (लगभग) (रुपये प्रति क्विंटल में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| 1 | डीएपी (18-46-0-0) | 2651.82 | 2496.68 | 2500.40 | 2694.00 | 2700.00 |
| 2 | एमओपी (0-0-60-0) | 1898.10 | 1787.26 | 2333.80 | 3414.80 | 3398.70 |

**(घ):** नीम लेपित यूरिया (एनसीयू) की शुरुआत के बाद, नीम लेपन के प्राथमिक लाभों में से एक यह है कि धीमी गति से निस्तारण से, सामान्य यूरिया की तुलना में एनसीयू की खपत कम होती है। अत: 4 सितंबर, 2017 की अधिसूचना के तहत 50 किलोग्राम की बोरी के स्थान पर यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी को शुरू करने का निर्णय लिया गया। डीएपी, पोटाश और अन्य एनपीके मिश्रित उर्वरकों की बोरियों के वजन में कोई परिवर्तन न करके 50 किलोग्राम ही बनाए रखा गया है।

********